तापमान
अधिकतम 33.7°C
न्यूनतम 15.2°C

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार 18 अक्टूबर 2026

शहर में आज

- शहर में अलग-अलग जगहों पर रामलीला उत्सव रात 9 बजे से
- मंदिरों में दुर्गा पूजा उत्सव शाम 6 बजे से
- पूर्व विधायक कुलदीप शर्मा की प्रेसवार्ता 3 बजे



खबर संक्षेप

नहरों की स्वच्छता के लिए 19-20 को विशेष अभियान

रोहतक। नवरात्र की नवमी और दशमी पर नहरों को प्रदूषणमुक्त रखने के लिए 'सुनो नहरों की पुकार मिशन' और सिंचाई विभाग 19 व 20 अक्टूबर को जागरूकता अभियान चलाएंगे। स्वयंसेवक नहरी पुलों पर लोगों को पूजा सामग्री व प्लास्टिक नहरों में न डालने के लिए जागरूक करेंगे। मिशन संस्थापक डॉ. जसमेर सिंह ने नहरों को स्वच्छ रखने की अपील की।

रकम भेजने का झांसा देकर महिला से 99 हजार ठगे

रोहतक। साइबर ठगों ने रिश्तेदार को पैसे भेजने का बहाना बनाकर सेक्टर-2 निवासी दीपमाला से 99 हजार रुपये ठग लिए। महिला की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना रोहतक में केस दर्ज किया गया है। दीपमाला के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर उसके पति धीरज को 13 हजार रुपये देने की बात कही। इसके बाद महिला के मोबाइल पर 10 हजार और 30 हजार रुपये जमा होने के संदेश आए। ठग ने गलती से अधिक रकम भेजने का बहाना बनाकर पैसे वापस मांगे। महिला ने अलग-अलग यूपीआई नंबरों पर कई बार भुगतान कर दिया। बाद में पति से संपर्क करने पर ठगी का पता चला। पुलिस लेनदेन व मोबाइल नंबरों की जांच कर रही है।

जिप उपाध्यक्ष पर अविश्वास प्रस्ताव की बैठक कल

रोहतक। जिला परिषद के उपाध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर विचार के लिए विशेष बैठक अब 19 अक्टूबर 2026 को सुबह 11 बजे होगी। उपायुक्त सतबीर सिंह ने बताया कि बैठक डीआरडीए कॉन्फ्रेंस हॉल, प्रथम तल, जिला विकास भवन में आयोजित की जाएगी। इससे पहले बैठक 14 अक्टूबर को निर्धारित थी, लेकिन न्यायालय में मामला लंबित होने के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। अब नए सिरे से नोटिस जारी किया गया है।

जानलेवा हमले का छठा आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने नाबालिग युवक पर जानलेवा हमले के मामले में छठे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पाड़ा मोहल्ला निवासी भविष्य पुत्र विनय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि 30 अगस्त को नाबालिग युवक घर से बाहर जा रहा था, तभी राहुल, अनुज, रौनक व अन्य युवकों ने उसे घेर लिया। अनुज ने हमला किया था।

योजना से जुड़े कार्यों के लिए 15 हाउस सर्जनों की तैनाती

पीजीआईएमएस में आयुष्मान मरीजों को एक छत के नीचे मिलेंगी दवाइयां और ऑपरेशन की सामग्री

उपचार में देरी रोकने के लिए बनेगा आयुष्मान प्रकोष्ठ

- रोजाना आठ हजार से अधिक मरीज पहुंचते हैं पीजीआई की ओपीडी और ट्रामा सेंटर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


फोटो : एआई

पीजीआईएमएस में आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को बेहतर और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए योजना तैयार की गई है। संस्थान में अब दवाइयों और शल्य चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक सामग्री की उपलब्धता एक ही छत के नीचे सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए सस्ती दरों पर दवाइयां, प्रत्यारोपण सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने वाला विशेष केंद्र स्थापित किया जाएगा। साथ ही, आयुष्मान लाभार्थियों के उपचार की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में एक विशेष सेल गठित किया गया है। योजना से संबंधित कार्यों को गति देने के लिए विभिन्न विभागों में 15 हाउस सर्जनों की तैनाती भी की गई है। संस्थान के अधिकारियों के अनुसार, इस पहल का मुख्य उद्देश्य आयुष्मान भारत योजना के पात्र मरीजों का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करना, उपचार के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के कारण होने वाली देरी को रोकना है।

संस्थान के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल की देखरेख में योजना से जुड़े कार्यों को व्यवस्थित करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। पहले कई बार मरीजों और उनके स्वजन को दवाइयों तथा ऑपरेशन में इस्तेमाल होने वाली सामग्री के लिए मेडिकल मोड़ सहित अन्य स्थानों पर जाना पड़ता था। प्रस्तावित केंद्र बनने से उन्हें एक ही स्थान पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने में मदद मिल सकेगी। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को निर्धारित शर्तों के अनुसार प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का उपचार उपलब्ध कराया जाता है। संस्थान में प्रत्येक वार्ड के स्तर पर भी आयुष्मान लाभार्थियों का ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है।

समन्वय स्थापित कर समाधान करेंगे

पीजीआई में रोजाना आठ हजार से अधिक मरीज पहुंचते हैं। चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में गठित किए जाने वाले आयुष्मान प्रकोष्ठ में उप चिकित्सा अधीक्षक, संबंधित विभाग का नोडल अधिकारी, दो लिपिक, आंकड़ा प्रविष्टि संचालक, एक सहायक तथा खरीद और लेखा शाखा के एक-एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाएगा। यह प्रकोष्ठ समन्वय स्थापित करेगा।

सरकारी नियमों के अनुसार तय होंगी दरें

आयुष्मान भारत योजना के तहत दवाओं, ऑपरेशन के सामान और इलाज के पैकेजों की दरें (रेट) मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और राज्य स्तर पर राज्य स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा तय की जाती हैं। अस्पताल प्रशासन को इन्हीं नियमों के अनुरूप कार्य करना होता है। दवाइयां और सामग्री उपलब्ध नहीं होने पर नियमानुसार खरीद की व्यवस्था की जाती है।

इन विभागों की जिम्मेदारी सौंपी

संस्थान प्रशासन ने अलग आदेश जारी कर 15 हाउस सर्जनों को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक आयुष्मान योजना से संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी है। इनकी सेवाएं औषधि, सामान्य शल्य चिकित्सा, स्त्री एवं प्रसूति रोग, अस्थि रोग, बाल रोग, नाक-कान-गला, नेत्र रोग, हृदय रोग, हृदय शल्य चिकित्सा, तंत्रिका रोग, तंत्रिका शल्य चिकित्सा, मूत्र रोग, गुर्दा रोग, विकिरण चिकित्सा और श्वसन चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों में ली जाएंगी। इसके अलावा कैंसर शल्य चिकित्सा, त्वचा एवं यौन रोग, नवजात शिशु रोग, प्लास्टिक शल्य चिकित्सा, बाल शल्य चिकित्सा और पाचन तंत्र संबंधी विभागों में भी योजना से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

योजना को और प्रभावी बनाने की कवायद



आयुष्मान योजना को और प्रभावी बनाया जा रहा है। संस्थान का प्रयास है कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को योजना का लाभ मिले और उसे सस्ती दवाइयों के साथ आवश्यक उपचार उपलब्ध हो सके। इसके लिए विशेष प्रकोष्ठ बनाया जा रहा है। साथ ही, ऐसा केंद्र स्थापित करने की योजना है, जहां एक ही छत के नीचे दवाइयां और शल्य चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

-डॉ. मंजूनाथ, वरिष्ठ प्रोफेसर
जनसंपर्क विभाग, पीजीआई

यौन उत्पीड़न मामला : डेढ़ माह की जांच के बाद भी स्कूल में नहीं मिले साक्ष्य

पिता ने ही किया बच्ची से गंदा काम, मां ने छुपाया, दोनों गिरफ्तार

आरोपी 5 दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिस स्कूल में चार साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न होने की शिकायत दी गई थी, डेढ़ महीने की जांच के बाद उसी स्कूल को पुलिस ने क्लीनचिट दे दी। जांच की दिशा तब बदली, जब पुलिस को स्कूल के बजाय बच्ची के घर से जुड़े लोगों पर संदेह हुआ। साइबर गतिविधियों, लोकेशन और पूछताछ की कड़ियां जोड़ते हुए पुलिस ने बच्ची के माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, बच्ची के पिता ने उसके साथ यौन शोषण किया, जबकि मां को इसकी जानकारी होने के बावजूद उसने कथित तौर पर सच्चाई छिपाई और स्कूल के एक लड़के पर आरोप लगाया। मामले की जांच एसआईटी ने महम डीएसपी तनुज शर्मा के नेतृत्व में की।



अस्पताल से पीजीआई किया गया था रेफर

परिजन बच्ची को पहले निजी अस्पताल लेकर गए, जहां से उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया। पिता ने दावा किया था कि डॉक्टरों ने बच्ची के साथ गलत हरकत होने की पुष्टि की और घटना को कुछ दिन पुराना बताया। हालांकि, स्कूल में घटना होने के आरोपों की पुष्टि पुलिस की जांच में नहीं हुई।

साइबर गतिविधियों से पिता पर गहराया शक

जांच के दौरान साइबर सेल की मदद से पुलिस ने डिजिटल गतिविधियों की पड़ताल की। पुलिस के अनुसार, बच्ची के साथ कथित घटना के बाद पिता की अश्लील वेबसाइटों पर गतिविधियां सामने आईं। जब टीम ने मां से इस संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका पति उसकी मौजूदगी में भी ऐसी वेबसाइट देखता था। पुलिस ने वेबसाइटों पर गतिविधियों के समय और मां की लोकेशन का मिलान किया। जांच में दोनों के समय और स्थान से जुड़े तथ्यों में अंतर सामने आने पर संदेह और गहरा गया। इसके बाद पुलिस ने मामले की गहन पड़ताल करते हुए माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया।

बच्ची के निजी अंग में दिखी थी सूजन

शिकायत के अनुसार, 16 सितंबर को बच्ची की मां ने पुलिस को बताया था कि उसकी चार साल की बेटी नजदीकी गांव के एक निजी स्कूल में पढ़ती है। 15 सितंबर को दोपहर करीब दो बजे बच्ची स्कूल से घर लौटी तो उसके निजी अंग में सूजन और लालिमा दिखाई दी। पूछने पर बच्ची ने कथित तौर पर बताया कि स्कूल का एक लड़का बिस्किट देने के बहाने उसे बाथरूम में ले गया और उसके मुंह पर टेप लगाकर गलत हरकत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। परिजनों ने स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल को भी घटना की जानकारी दी थी। प्रिंसिपल ने स्कूल में ऐसी किसी वारदात से इनकार करते हुए सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की बात कही थी।

सीसीटीवी और पूछताछ से बदली जांच की दिशा

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी गौरव राजपुरोहित ने महम डीएसपी तनुज शर्मा के नेतृत्व में एसआईटी गठित की। टीम ने करीब डेढ़ महीने तक स्कूल की सीसीटीवी फुटेज खंगाली और संबंधित लोगों से पूछताछ की। जांच में स्कूल में बताई गई घटना के साक्ष्य नहीं मिले। इसके बाद पुलिस ने बच्ची के आसपास रहने वाले लोगों और परिवार से जुड़े पहलुओं पर जांच केंद्रित की।

अब आरोपी पिता से सख्ती से होगी पूछताछ

डीएसपी तनुज शर्मा के अनुसार, करीब डेढ़ महीने की जांच के बाद मामले की गुत्थी सुलझाई गई है। पुलिस का आरोप है कि बच्ची के पिता ने उसके साथ यौन शोषण किया और मां ने जानकारी होने के बावजूद मामले को छिपाने तथा स्कूल के एक लड़के पर गलत आरोप लगाने की कोशिश की। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब आरोपी पिता से सख्ती से पूछताछ कर मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है।

100 करोड़ में बनाई गई थी 282 दुकानें

डेढ़ दशक से बंद एग्रोमॉल, अब चार एकड़ जमीन पर खींचतान



- सहकारी विभाग पूरी जमीन वापस मांग रहा, जबकि इसमें से दो एकड़ कुछ समय पहले मार्केटिंग बोर्ड के नाम स्थानांतरित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

किसानों को कृषि उत्पाद बेचने के लिए दुकानें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाया गया रोहतक का एग्रोमॉल करीब डेढ़ दशक बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। अब परियोजना की चार एकड़ जमीन को लेकर विवाद सामने आया है। सहकारी विभाग पूरी जमीन वापस मांग रहा है, जबकि इसमें से दो एकड़ कुछ समय पहले मार्केटिंग बोर्ड के नाम स्थानांतरित की गई थी। मॉल पर करीब 95 से 100 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। और कुल दुकानें 282 हैं। एग्रोमॉल का निर्माण वर्ष 2008 में शुरू हुआ और 2013 पूरा हुआ। यहां किसानों को दुकानें आवंटित की जानी थीं, ताकि वे अपनी उपज बेच सकें और उन्हें बेहतर बाजार मिल सके। हालांकि, परियोजना अपने उद्देश्य के अनुरूप आगे नहीं।

सहकारी विभाग की थी जमीन

एग्रोमॉल जिस चार एकड़ जमीन पर बना, वह सहकारी विभाग की थी। बाद में इसके दो एकड़ हिस्से को मार्केटिंग बोर्ड के नाम स्थानांतरित किया गया। अब सहकारी विभाग पूरी चार एकड़ जमीन वापस मांग रहा है। जमीन वापसी की मांग का आधार क्या है और इस पर मार्केटिंग बोर्ड का क्या रुख है, यह स्पष्ट होना बाकी है।

दुकानों का आवंटन और उपयोग अब भी सवाल

किसानों को दुकानें आवंटित करने का उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। आवंटन की प्रक्रिया कहां अटकी और भवन का उपयोग शुरू क्यों नहीं हो पाया, यह जवाबदेही का विषय है। बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद किसानों को लाभ नहीं मिला। अब जमीन को लेकर दोनों विभागों के बीच होने वाला निर्णय महत्वपूर्ण होगा। यह भी तय करना जरूरी है कि एग्रोमॉल का भविष्य क्या होगा और किसानों के लिए बनाई गई इस संपत्ति का उपयोग कैसे सुनिश्चित किया जाएगा।

गांव इस्माइला स्थित फैक्ट्री की जमीन पर कथित अवैध कब्जा, दो करोड़ का हटाया था सामान

फैक्ट्री में तोड़फोड़ मामले में महिला की जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया की अदालत ने थाना सांपला में दर्ज मामले में आरोपी महिला की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। मामला गांव इस्माइला स्थित फैक्ट्री की जमीन पर कथित अवैध कब्जे, तोड़फोड़, मशीनरी व लोहे का सामान हटाने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों से जुड़ा है। शिकायतकर्ता मनीष गुप्ता के अनुसार, उन्होंने हरियाणा वित्तीय निगम की सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से गांव इस्माइला में 8 कनाल जमीन और साथ लगते 1 कनाल 12 मरले रास्ते के लीज अधिकार खरीदे थे। उन्होंने यहां श्री राधा माधव एसोसिएट्स के नाम से एल्युमिनियम एक्सट्रूज़न फैक्ट्री स्थापित की थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 27 दिसंबर 2022 को फैक्ट्री परिसर में अवैध प्रवेश कर गेट और चारदीवारी को नुकसान पहुंचाया गया। इसके अलावा एल्युमिनियम एक्सट्रूज़न प्रेस, भट्टियों, ट्रांसफॉर्मर और अन्य मशीनरी समेत करीब 200 टन लोहे का सामान हटा लिया गया, जिसकी कीमत लगभग दो करोड़ रुपये बताई गई। पुलिस जांच के बाद वर्ष 2026 में एफआईआर दर्ज हुई।

हनुमान के 31 स्वरूपों की प्रस्तुति और दो घंटे की आतिशबाजी होगी

पुराने आईटीआई मैदान में 200 और नई अनाज मंडी में 300 ड्रोन दिखाएंगे राम रावण युद्ध के दृश्य

शहर में पहली बार दो दिन आसमान में ड्रोन से साकार होंगे रामायण के प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इस बार रोहतक का दशहरा पर्व कुछ अलग और यादगार होने जा रहा है। शहर में पहली बार आधुनिक तकनीक के जरिए आसमान में रामायण के प्रसंग साकार होते दिखाई देंगे। दशहरा मेले में भगवान श्रीराम की गाथा केवल रामलीला के मंच तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सैकड़ों ड्रोन आसमान में रंग-बिरंगी आकृतियां बनाकर श्रद्धालुओं को रामायण के दिव्य दृश्यों का अनुभव कराएंगे। खास बात यह है कि शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर ड्रोन शो आयोजित किए जाएंगे। पुराने आईटीआई मैदान में 200 से अधिक ड्रोन रामायण के प्रमुख प्रसंगों को दर्शाएंगे, जबकि नई अनाज मंडी में 300 ड्रोन के माध्यम से राम-रावण युद्ध का दृश्य दिखाया जाएगा।


फोटो : एआई

सनातन संस्कृति के प्रतीक

राजेश जैन ने बताया कि पुराने आईटीआई मैदान में 18 अक्टूबर रात नौ बजे और 20 अक्टूबर शाम पांच बजे ड्रोन शो होगा। 200 से अधिक ड्रोन रामायण के प्रसंग और सनातन संस्कृति के प्रतीक दिखाएंगे। हनुमान के 31 स्वरूप और दो घंटे की आतिशबाजी भी आकर्षण रहेंगे।



नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने की पहल: जैन

राजेश जैन ने कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन या मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मर्यादा और जीवन मूल्यों को समझने का अवसर भी है। भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, त्याग, कर्तव्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आधुनिक तकनीक को रामलीला से जोड़ने का उद्देश्य नई पीढ़ी को इन आदर्शों के करीब लाना है। शहर में दो स्थानों पर होने वाले ड्रोन शो से इस बार दशहरे का उत्साह और बढ़ने की उम्मीद है।

गांव जसिया के पास हादसा

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की जान गई

रोहतक। गांव जसिया के पास कार की टक्कर से बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहतक के आजाद नगर निवासी रुपेंद्र के रूप में हुई है। वह निजी काम से बाइक पर सवार होकर पानीपत जा रहा था। रास्ते में गांव जसिया के पास उसकी बाइक की कार से टक्कर हो गई। हादसे में रुपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

निजी काम से जा रहा था पानीपत

हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिवार में शोक छा गया। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी जानकारी जांच के बाद सामने आएगी।

अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज

पुलिस ने मामले में अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच करने के साथ कार चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

श्री रामलीला महोत्सव : कलाकारों के सजीव अभिनय, प्रभावशाली संवाद ने मोहा मन

मेघनाद ने मारा शक्तिबाण मूर्छित होकर गिरे लक्ष्मण

संजीवनी लेकर लौटे हनुमान तो गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। पुरानी आईटीआई ग्राउंड में चल रही रामलीला में मंचन के दौरान जमा भीड़। फोटो : हरिभूमि

पुराने आईटीआई मैदान में आयोजित श्री रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले के आठवें दिन शनिवार को लक्ष्मण मूर्छा और हनुमान के संजीवनी बूटी लेकर लौटने के प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मेघनाद के शक्तिबाण से लक्ष्मण के मूर्छित होने का दृश्य देखकर पंडाल में सन्नाटा छा गया। वहीं, लक्ष्मण के प्राण बचाने के लिए हनुमान के संजीवनी लेकर पहुंचते ही पूरा मैदान जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। कलाकारों के सजीव अभिनय, प्रभावशाली संवादों और आकर्षक वेशभूषा ने रामायण के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। अंगद-रावण संवाद, हनुमान-कालनेमि संवाद और भरत मिलाप के दृश्यों ने भी दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। रामलीला में माता सीता का संदेश लेकर लौटे हनुमान ने भगवान श्रीराम को चूड़ामणि भेंट की। वानर सेना की सहायता से समुद्र पर सेतु बनाकर श्रीराम लंका की ओर बढ़े। युद्ध से पहले माता सीता को सम्मानपूर्वक लौटाने और युद्ध टालने के उद्देश्य से श्रीराम ने अंगद को दूत बनाकर रावण की सभा में भेजा। वहां अंगद ने अपना पैर जमाकर रावण के योद्धाओं को उसे हिलाने की चुनौती दी, लेकिन कोई भी योद्धा सफल नहीं हो सका। रावण के सामने भी अंगद ने निर्भीकता से अपनी बात रखी और उसे भगवान श्रीराम की शरण में जाने की सलाह दी। इस प्रसंग में अंगद के ओजस्वी संवादों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। युद्ध के दौरान मेघनाद ने लक्ष्मण पर शक्तिबाण चलाया, जिससे वह मूर्छित होकर भूमि पर गिर पड़े। भाई की हालत देखकर भगवान श्रीराम की व्याकुलता का मार्मिक मंचन किया गया। विभीषण की सलाह पर हनुमान सुषेण वैद्य को लेकर आए। वैद्य ने लक्ष्मण के प्राण बचाने के लिए सूर्योदय से पहले संजीवनी बूटी लाने की बात कही। इसके बाद हनुमान के संजीवनी की खोज में जाने, कालनेमि से सामना होने और भरत मिलाप के प्रसंगों का मंचन हुआ। अंत में हनुमान संजीवनी लेकर लौटे और लक्ष्मण की मूर्छा दूर हुई। इस दृश्य पर दर्शकों ने जयकारों के साथ कलाकारों का अभिनंदन किया। रामलीला उत्सव कमेटी के मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि आठवें दिन अजंता सोया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुशील के सान्निध्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। एल्फा मिल्क फूड करनाल के प्रबंध निदेशक विपिन गुप्ता उद्घाटनकर्ता रहे। मुख्य अतिथियों में प्रकाश ग्रुप के विक्रम अग्रवाल, गगन गोयल, श्रीवत्स सिंघानिया, अक्षय गुप्ता, आयुष गुप्ता, समर्थ गुप्ता और ऋषभ सर्राफ शामिल रहे। अतिथियों ने कमेटी के मुख्य संरक्षक राजेश जैन और प्रधान सुभाष तायल के साथ रिमोट का बटन दबाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद भगवान श्रीराम की संगीतमय महाआरती की गई। आकाश में छोड़ा गया धूमकेतु तारा भी आकर्षण का केंद्र रहा। कमेटी की ओर से अतिथियों को माला, पटका, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट भेंट कर सम्मानित किया गया।

पुरानी अनाज मंडी में भी रामलीला

रामलीला के कलाकारों ने सीता हरण प्रसंग की अत्यंत सुंदर, भावपूर्ण एवं प्रभावशाली प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों के शानदार अभिनय, संवादों एवं मंचन ने भगवान श्रीराम की लीला के प्रति श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना दिया। उपस्थित जनसमूह ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की।

पटेल नगर रामलीला में सजा खर-दूषण का दरबार

न्यू श्रीरामलीला पटेल नगर में रामलीला मंचन के दौरान खर-दूषण का दरबार सजाया गया। कलाकारों ने आकर्षक वेशभूषा और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से प्रसंग को जीवंत किया। रामलीला देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों का मन मोह लिया और पंडाल में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा।

श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी में हुआ कार्यक्रम



पुराना बस स्टैंड स्थित श्री प्राचित रामलीला सोसायटी में भी रामलीला का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। युद्ध के दौरान मेघनाद ने लक्ष्मण पर शक्तिबाण चलाया, जिससे वह मूर्छित होकर भूमि पर गिर पड़े। भाई की हालत देखकर भगवान श्रीराम की व्याकुलता का मार्मिक मंचन किया गया। विभीषण की सलाह पर हनुमान सुषेण वैद्य को लेकर आए। वैद्य ने लक्ष्मण के प्राण बचाने के लिए सूर्योदय से पहले संजीवनी बूटी लाने की बात कही। हनुमान के संजीवनी की खोज में जाने, कालनेमि से सामना होने और भरत मिलाप के प्रसंगों का मंचन हुआ।

न्यूज डायरी



आईबी विद्यालय में नेत्र व दंत चिकित्सा जांच शिविर

रोहतक। आईबी विद्यालय में मिड-टर्म परीक्षा परिणामों की घोषणा के अवसर पर अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निःशुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा जांच शिविर भी लगाए गए।नेत्र जांच शिविर का आयोजन एएसजी खुराना आई सेंटर एवं दंत चिकित्सा शिविर डॉ. कपूर डेंटल क्लिनिक के सहयोग से स्पोर्ट्स एरीना कार्यालय में आयोजित हुआ।शिविर में आंखों एवं दांतों के स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और समय पर उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य और शैक्षणिक विकास के बीच संतुलन स्थापित करना तथा उनमें स्वस्थ जीवनशैली की आदतों को प्रोत्साहित करना रहा।पीटीएम के दौरान अभिभावकों ने शिक्षकों से मुलाकात कर अपने बच्चों के मिड-टर्म परीक्षा परिणाम, शैक्षणिक प्रगति और सुधार की संभावनाओं पर चर्चा की।

राजकीय महिला महाविद्यालय में डांडिया कार्यक्रम



रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में पहली बार भव्य 'कॉलेज डांडिया कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को भारतीय संस्कृति और लोकनृत्य से जोड़ना था। कार्यक्रम में छात्राओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में उत्साह के साथ भाग लिया और डांडिया नृत्य से माहौल को जीवंत बना दिया। इस दौरान नृत्य प्रतियोगिता, मनोरंजक खेल, टैग एक्टिविटी, फोटोशूट और ओपन डीजे का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. हुड्डा ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन छात्राओं के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मकता के लिए महत्वपूर्ण हैं। पहली बार हुए इस आयोजन में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने इसे यादगार बना दिया और कैंपस में उल्लास व सांस्कृतिक रंगों की झलक देखने को मिली।



आर्यन स्कूल में धूमधाम से मनाया ग्रैंडपेरेंट्स दिवस, दादा-दादी संग बच्चों ने साझा की खुशियां

रोहतक। द आर्यन पब्लिक स्कूल, लाखन माजरा में 'ग्रैंडपेरेंट्स दिवस' अपार उत्साह, आत्मीयता और पारिवारिक संस्कारों के संदेश के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राममेहर अहलावत एवं उनकी पत्नी राज कौर रहे। इस अवसर पर राममेहर अहलावत के जीवन-संघर्ष और शिक्षा को प्राथमिकता देने की प्रेरणादायक यात्रा की भी सराहना की गई। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। वृद्धाश्रम की संवेदनशीलता पर आधारित एक नाट्य प्रस्तुति ने सभी को भावुक कर दिया और बुजुर्गों के सम्मान का संदेश दिया। दादा-दादी के लिए आयोजित मनोरंजक गतिविधियों में बुजुर्गों का उत्साह देखने लायक था। दादियों ने पोते-पोतियों संग हरियाणवी नृत्य किया, वहीं दादाओं ने 80 के दशक के गीतों पर थिरककर माहौल को खुशनुमा बना दिया। प्राचार्या अनीता सिंह ने सभी का आभार जताया तथा प्रबंधन सदस्य लता दहिया ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



जीडी गोयनका कैंपस में गरबा नृत्य कार्यक्रम

रोहतक। जीडी गोयनका वर्ल्ड कैंपस में रंगारंग डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केवीएम ग्रुप के चेयरमैन सर करमवीर मायना एवं सुनीता मायना ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में वरिष्ठ विंग की निदेशक सान्या मैना, प्राचार्या ज्योति शर्मा, डॉ. धर्मवती, प्रधानाचार्य डॉ. मीना कौशिक, डॉ. विशाल वर्मा, डॉ. शुचिता दहिया और डॉ. बीना पॉल समेत अनेक गणमान्य अतिथि व चिकित्सक उपस्थित रहे। समारोह में गुजराती परिधानों, संगीत, गरबा नृत्य और स्वादिष्ट व्यंजनों का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन के दौरान उत्कृष्ट प्रतिभागियों को विभिन्न उपाधियों से नवाजा गया, जिनमें पारुल खत्री को 'डांडिया शोस्टॉपर', पूजा त्यागी को 'मिस गरबा क्वीन', सोनिया चोपड़ा को 'दया बेन ऑफ द नाइट' और प्रिंस व उनकी पत्नी को 'गरबा ग्लैम कपल' चुना गया। अंत में निदेशक डॉ. मनीषा मायना, उपप्रधानाचार्या सविता हुड्डा व मुख्याध्यापिका रेखा गुलिया ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



डीएवी स्कूल में 'डांडिया उत्सव का आयोजन

रोहतक। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल, रोहतक में शनिवार को 'डांडिया उत्सव 2026 - एक शाम शक्ति के नाम' का भव्य आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं डीएवी गान के साथ हुआ। उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अंशु भुटानी (भुटानी अस्पताल व डायग्नोस्टिक सेंटर) उपस्थित रहे। वहीं पूर्व पार्षद राहुल देशवाल और एसएचओ राजकरण (आईएमटी थाना) सम्मानीय अतिथि के रूप में पधारे। विद्यार्थियों की मधुर आर्केस्ट्रा प्रस्तुति और गीतों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक गरबा व डांडिया नृत्य रहा, जिसमें रंग-बिरंगी पोशाकों में सजे अभिभावकों और विद्यार्थियों ने डांडिया की धुनों पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यालय के प्राचार्य शंकर लाल ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, आत्मविश्वास और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करते हैं।

26 अक्टूबर को होगी राज्य स्तरीय किसान मजदूर-छात्र-युवा और महिला महापंचायत



रोहतक। किसान, मजदूर, छात्र, युवा और महिलाओं के जीवन के ज्वलंत मुद्दों को लेकर आगामी 26 अक्टूबर को रोहतक के नांदल भवन (बोहर) में एक विशाल प्रदेश स्तरीय महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। यह महापंचायत एआईकेकेएमएस, एआईयूटीयूसी, एआईडीएसओ, डीवाईओ और महिला सांस्कृतिक संगठन की साझा पहल पर आयोजित की जा रही है। रोहतक में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान किसान नेताओं में अनूप सिंह मातनहेल, जयकरण मांडोठी और कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों, कृषि मार्केटिंग नीति, अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते और बिजली व बीज कानूनों के खिलाफ यह बड़ा कदम उठाया गया है। नेताओं ने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई, चरम बेरोजगारी, पेपर-लीक, अग्निवीर योजना, चार लेबर कोड और स्कीम वर्कर्स की समस्याओं से जनता त्रस्त है। साथ ही, महापंचायत में एसआईआर के खिलाफ चल रहे देशव्यापी आंदोलन का समर्थन किया जाएगा।

रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया

इंडस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया विजयदशमी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक में आज बुराई पर अच्छाई की जीत 'विजयदशमी' पर्व मनाया गया। प्रातः विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने गायत्री मंत्र के साथ आज का विचार, भाषण, कविता की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कक्षा आठवी के छात्रों ने एक लघु नाटिका की सुंदर प्रस्तुति के साथ 10 बुराइयों अहंकार, लोभ, घृणा, ईर्ष्या, क्रोध, नारी अपमान, मोह, झूठ, छल आदि दस बुराइयों का दहन करना ही वास्तविक विजयदशमी है। विद्यालय प्रांगण में छात्र-छात्राओं ने सज-धज कर लीलाओं का मंचन किया। जिसमें बच्चें श्रीराम, रावण, हनुमान, सीता आदि की वेशभूषा में पहुँचे। राम-रावण युद्ध तथा रावण वध तक सभी प्रसंगों की सुंदर अभिनय से सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर पूरा प्रांगण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। भगवान श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता का स्वागत कर दिए जलाए गए। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने सभी को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी व श्रीराम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य, दीपक कुमार वशिष्ठ ने सभी विद्यार्थियों के अभिनय की सराहना की व कहा कि केवल एक दिन नहीं बल्कि बुराइयों को दूर करना होगा तभी हमारी सच्ची जीत होगी।

विकल्प पब्लिक स्कूल में दशहरा व रामनवमी पर्व मनाया



रोहतक। स्थानीय विकल्प पब्लिक स्कूल में भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं त्योहारों के महत्व को समझाने के उद्देश्य से एक विशेष सांस्कृतिक सभा का आयोजन किया गया। मैरीगोल्ड सदन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में दशहरा व रामनवमी का पावन पर्व बड़े ही उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया। मंच का कुशल संचालन शिक्षिका विनीता ने किया। सदन की छात्रा समीक्षा ने दशहरा व रामनवमी के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर विचार व्यक्त किए। इसके बाद कक्षा 2, 6, 7 और 8 के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा में मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक गरबा पोशाक में पहुँचे शिक्षकगण रहे, जिन्होंने बच्चों के साथ उत्सव की उमंग को दोगुना कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या किरण पाहवा ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कारों, नैतिक मूल्यों और सामाजिक एकता के वाहक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी समृद्ध विरासत से जुड़ने और त्योहारों के मूल संदेशों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में मनाया नवरात्रि और दशहरा पर्व, बच्चों ने सीखे नैतिक संस्कार



रोहतक। गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को नवरात्रि एवं विजयादशमी के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्तिमय कविताओं, ओजस्वी भाषणों और धार्मिक प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र और नवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने डांडिया नृत्य की सुंदर प्रस्तुति से माहौल को उत्सवमय बना दिया। बच्चों ने सीखे नैतिक संस्कार छोटे बच्चों को आर्ट-क्राफ्ट, वर्कशीट्स और कठपुतली के जरिए रामायण के प्रसंगों व पात्रों की जानकारी दी गई, जिससे बच्चों ने असत्य पर सत्य की जीत का संदेश सीखा। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये पर्व हमें विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, संयम व सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में निदेशक सुरेंद्र मलिक, उप-प्रधानाचार्या मधुलिका सिंह, इंचार्ज एकता बहल, रितु, सुमन, रेशमा, रवनीत, मीनाक्षी, वीरेंद्र व राहुल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

योग एवं ध्यान से दिया नशामुक्त भारत का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में मेरा युवा भारत (माय भारत) के 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत 100 सप्ताह अभियान' के पांचवें सप्ताह के अंतर्गत योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माय भारत स्वयंसेविका निशा राणा ने योगाचार्य नरेश अहलावत के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में योगाचार्य नरेश अहलावत ने युवाओं को योग एवं ध्यान का अभ्यास करवाया तथा इनके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित योग एवं ध्यान से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होने के साथ-साथ मानसिक शांति, एकाग्रता और आत्मानुशासन को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने युवाओं को अपनी दिनचर्या में सकारात्मक आदतें शामिल करने और तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना संयम एवं जागरूकता के साथ करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण युवाओं द्वारा ली गई नशामुक्ति की शपथ रही। इस दौरान युवाओं ने स्वयं नशे से दूर रहने, अपने साथियों एवं समाज के अन्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने तथा नशा मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर माय भारत स्वयंसेविका निशा राणा ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार है। युवाओं को नशे से दूर रखकर उनकी ऊर्जा का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं सामाजिक कार्यों में करना समय की आवश्यकता है। योग एवं ध्यान जैसी सकारात्मक गतिविधियां युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और स्वस्थ जीवन शैली विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

जिम्मेदारी समझने का दिया संदेश

मेरा युवा भारत के इस अभियान के माध्यम से युवाओं को व्यक्तिगत स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया गया कि नशामुक्ति केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि स्वस्थ, जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण की सामूहिक प्रतिबद्धता है।

मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान हुए, श्रद्धालुओं ने पुष्प और पूजा सामग्री अर्पित कर मां की आराधना की

महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा, मॉडल टाउन में मां दुर्गा के जयकारे



रोहतक। कलश यात्रा निकालती महिलाएं तथा पूजा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में श्री सर्वजनिन दुर्गा उत्सव मंडल की ओर से रेलवे रोड और मॉडल टाउन कम्युनिटी सेंटर में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई गई। रेलवे रोड पर महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर धार्मिक आयोजन का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसके बाद मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। दोनों स्थानों पर श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। पूजा स्थलों पर मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रेलवे रोड पर निकाली गई कलश यात्रा धार्मिक आयोजन का विशेष आकर्षण रही। महिलाओं ने कलश धारण कर यात्रा में हिस्सा लिया और मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। धार्मिक मान्यताओं में कलश को शुभता, पवित्रता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। कलश यात्रा के माध्यम से पूजा उत्सव की शुरुआत की गई। यात्रा के दौरान भक्तिमय माहौल रहा और श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा का स्मरण किया। मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान से पूजा की गई। पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाए। श्रद्धालुओं ने पुष्प और पूजा सामग्री अर्पित कर मां की आराधना की। दुर्गा पूजा में पुष्पांजलि और आरती का विशेष महत्व होता है।

श्रद्धालु मां के चरणों में पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं व्यक्त करते हैं और आरती के दौरान परिवार तथा समाज की खुशहाली की प्रार्थना करते हैं।

सुख-शांति व समृद्धि की कामना की

श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। दुर्गा पूजा शक्ति, साहस और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक मानी जाती है। ऐसे धार्मिक आयोजन लोगों को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने के साथ आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं। दोनों स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से मां दुर्गा की आराधना की और सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की कामना की।

29 से 1 नवंबर तक राई और पलवल में होगी अखाड़ा प्रतियोगिता

राज्य स्तरीय कुश्ती के लिए अंतिम विनाक्षी, रितिका व हिमांशी चयनित

खेल विभाग खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध : अनूप सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई (सोनीपत) और जिला पलवल में आयोजित होने वाली आगामी राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिताओं के लिए जिला रोहतक के प्रतिभावान खिलाड़ियों की चयन ट्रायल आयोजित की गई। प्रक्रिया पूरी कर आधिकारिक सूचियों की घोषणा कर दी गई है। चयन प्रक्रिया के बाद जिला खेल विभाग और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सोनीपत के राई में 29 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाली अखाड़ा प्रतियोगिता के लिए रोहतक से अंडर-17 महिला कुश्ती, अंडर-17 ग्रीको रोमन, अंडर-20 महिला कुश्ती और अंडर-20 ग्रीको रोमन वर्ग में उत्कृष्ट पहलवानों का चयन किया गया है। वहीं 22 से 24 अक्टूबर तक पलवल में आयोजित होने वाले 'कुमार व केसरी दंगल' के लिए सीनियर महिला कुश्ती और सीनियर ग्रीको रोमन श्रेणियों में खिलाड़ियों की मजबूत टीम उतारी जा रही है। चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए जिला खेल अधिकारी अनूप सिंह ने कहा कि इन दोनों प्रतियोगिताओं के लिए चयनित खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ अपना स्थान बनाया है। खेल विभाग खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने खिलाड़ियों पर विश्वास जताते हुए कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे पहलवान राई और पलवल में अपनी उत्कृष्ट तकनीक और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए रोहतक जिले का नाम चमकाएंगे और अधिक से अधिक स्वर्ण पदक जीतकर लौटेंगे।

पुरुष ग्रीको रोमन में विजय, राहुल व करिष शामिल

चयनित खिलाड़ियों में महिला वर्ग से अंतिम, विनाक्षी, रितिका, हिमांशी और पुरुषों में ग्रीको रोमन श्रेणी से विजय, राहुल, करिष और कुलदीप जैसे होनहार पहलवान शामिल हैं। अंडर-17 महिला वर्ग में अंतिम (46 कि.ग्रा.), विनाक्षी (49 कि.ग्रा.), खुशी (53 कि.ग्रा.), आदिति (57 कि.ग्रा.), साक्षी (61 कि.ग्रा.), रूवीन (65 कि.ग्रा.), निशु (69 कि.ग्रा.) और दिव्या (73 कि.ग्रा.) ने स्थान बनाया है। वहीं अंडर-20 ग्रीको रोमन लड़कों में विजय (55 कि.ग्रा.), राहुल (60 कि.ग्रा.), अनिश (63 कि.ग्रा.), ध्रुव (67 कि.ग्रा.), सुनील कुमार (72 कि.ग्रा.), विकास राणा (77 कि.ग्रा.), सागर (82 कि.ग्रा.), राहुल (87 कि.ग्रा.), वत्सल (97 कि.ग्रा.) और निशांत (130 कि.ग्रा.) अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा अंडर-20 महिला वर्ग में रितिका (50 कि.ग्रा.), मुस्कान (53 कि.ग्रा.), टीना (55 कि.ग्रा.), अंकुल (57 कि.ग्रा.), तमन्ना (59 कि.ग्रा.), स्नेहा (62 कि.ग्रा.), अन्नू (65 कि.ग्रा.), कीर्ति (68 कि.ग्रा.), रिया कौशिक (72 कि.ग्रा.) और हंसिका (76 कि.ग्रा.) शामिल हैं।

अंडर-17 में ये खिलाड़ी करेंगे रोहतक का नेतृत्व

अंडर-17 ग्रीको रोमन लड़कों में सुभम (45 कि.ग्रा.), जतिन (48 कि.ग्रा.), हिमांशु (51 कि.ग्रा.), योगेश (55 कि.ग्रा.), नकुल (60 कि.ग्रा.), दिनेश (65 कि.ग्रा.), अमन (71 कि.ग्रा.), दिपेंदर (80 कि.ग्रा.), हितेश (92 कि.ग्रा.) और हर्ष दलाल (110 कि.ग्रा.) को चुना गया है। दूसरी तरफ, पलवल में आयोजित होने वाले दंगल के सीनियर महिला वर्ग में हिमांशी (50 कि.ग्रा.), पूजा (53 कि.ग्रा.), आस्ती (55 कि.ग्रा.), निशा (57 कि.ग्रा.), सलोनी (59 कि.ग्रा.), मोनिका (62 कि.ग्रा.), काजल (65 कि.ग्रा.), कीर्ति (68 कि.ग्रा.), खुशी (72 कि.ग्रा.) और किरण (76 कि.ग्रा.) मैट पर उतरेंगी. सीनियर ग्रीको रोमन लड़कों के वर्ग में करिष (55 कि.ग्रा.), विशाल (60 कि.ग्रा.), सूरज (63 कि.ग्रा.), विजय (67 कि.ग्रा.), कुलदीप (72 कि.ग्रा.), सुनिल (77 कि.ग्रा.), वासु दुग्घन (82 कि.ग्रा.), हैप्पी (87 कि.ग्रा.), सुन्दर (97 कि.ग्रा.) और बिन्दु (130 कि.ग्रा.) रोहतक का नेतृत्व करेंगे।

रोहतक ने कुरुक्षेत्र को 9 विकेट से दी करारी मात, फाइनल में बनाई जगह

- 80 रन बनाकर प्रयान बने मैन ऑफ द मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। मैन ऑफ द मैच को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

महाराजा अग्रसेन क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे प्रथम विनोद कुमार मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के पहले सेमीफाइनल में भारती क्रिकेट अकादमी ने कुरुक्षेत्र क्रिकेट अकादमी को 9 विकेट से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कुरुक्षेत्र क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवरों में 7 विकेट पर 144 रन बनाए। टीम के लिए कप्तान अरिहान ने 85 गेंदों में नाबाद 50 रन और यशस्वी सुल्तानिया ने 42 रनों की जुझारू पारी खेली। भारती अकादमी की तरफ से कुशल बुधवार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 29 रन देकर 2 विकेट झटके, जबकि प्रयान और तनिष को 1-1 सफलता मिली। जीत के लिए मिले 145 रनों के लक्ष्य को भारती क्रिकेट अकादमी ने महज 32.3 ओवर में 1 विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया। भारती अकादमी की जीत के हीरो रहे प्रयान, जिन्होंने 101 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से नाबाद 80 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। यशस्वी सुल्तानिया ने नाबाद 42 और शौर्य सिंह ने 14 रन का योगदान दिया। कुरुक्षेत्र के प्रयांश चौधरी ही एकमात्र विकेट ले सके। मैच के समापन पर मुख्य अतिथि सुधीर काजल, कुरुक्षेत्र के क्रिकेट कोच नवीन मदान और भारती क्रिकेट अकादमी रोहतक के कोच अश्विनी शर्मा ने प्रयान को उनकी शानदार पारी के लिए 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार प्रदान किया।

10वीं आईडीसीए टी-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हरियाणा मूक-बधिर क्रिकेट टीम घोषित



- 14 सदस्यीय टीम की कमान दीपक लांबा को, दीपक रावत होंगे उपकप्तान

रोहतक। हरियाणा डेफ क्रिकेट एसोसिएशन (एचडीसीए) ने 10वीं आईडीसीए टी-20 राष्ट्रीय मूक-बधिर क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए राज्य की टीम की घोषणा कर दी है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सूरत (गुजरात) में आयोजित की जाएगी। चयनित 14 सदस्यीय टीम की कमान दीपक लांबा को सौंपी गई है, जबकि दीपक रावत उपकप्तान होंगे। टीम में विवेक कुमार, अमित यादव, अजय सिहाग, विक्की सैनी, सागर, विजय राजपूत, विशाल सिहाग, केशव, साहिल, जतिन, इंद्राज और अंकित को शामिल किया गया है। टीम प्रबंधन की जिम्मेदारी मैनेजर शिवम सिंगला और कोच ललित कुमार संभालेंगे। एचडीसीए ने सभी खिलाड़ियों व अधिकारियों को बधाई देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और खेल भावना से राज्य का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी हैं।



शीतल स्पोर्ट्स स्कूल में कबड्डी स्पर्धा में लिबर्टी हाउस विजेता

रोहतक। शीतल स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को जूनियर वर्ग (कक्षा 6 से 9) की इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। स्पर्धा में विद्यार्थियों ने खेल प्रतिभा, शारीरिक दक्षता और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में लिबर्टी हाउस ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि इक्वैलिटी हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त खेल भावना और टीम वर्क देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका नेहा और प्रधानाचार्य अनिल हुड्डा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। विद्यालय प्रबंधन पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के जरिए बच्चों को निरंतर बेहतर मंच प्रदान करने के लिए प्रयासरत है।

सफाई केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं हर नागरिक का कर्तव्य : आयुक्त सत्येंद्र

- सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड 14 में चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शहर को स्वच्छ, सुंदर और कूड़ामुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड नंबर 14 में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, वार्ड सदस्य कंचन खुराना, मनोनीत सदस्य अशोक वर्मा, अशोक खुराना सहित स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों की सफाई और वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वार्ड स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के महत्व से जोड़ना और शहर में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करना है। स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है। घर, गली, मोहल्ले और आसपास के सार्वजनिक स्थानों को साफ रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नागरिकों के सहयोग से ही रोहतक को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाया जा सकता है। सफाई कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए आयुक्त ने कहा कि शहर को साफ रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। नियमित सफाई के साथ नागरिकों की जागरूकता और सहभागिता भी जरूरी है। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि वे खुले में कूड़ा न डालें और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें।

प्रत्येक विद्यार्थी अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखे : डॉ. नरेश

- सत जीन्दा कॉलेज में एनएसएस इकाई ने लगाया एक दिवसीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलानौर



सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक एवं दो के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त परिसर एवं व्यक्तिगत विकास के उद्देश्य से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में रखे गमलों को रंगकर उन्हें आकर्षक रूप प्रदान किया। इसके साथ ही परिसर के विभिन्न स्थानों की सफाई की। स्वयंसेवकों ने परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, इधर-उधर कचरा न फैलाने तथा प्लास्टिक का उपयोग कम करने के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने एन. एस. एस. स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक स्वस्थ समाज और सभ्य जीवनशैली का आधार है। प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है कि वह अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। डॉ. प्रोमिला ने लाइफ स्किल्स के महत्व के बारे में बताया साथ ही उन्होंने स्वयंसेवकों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए जीवन कौशल के बारे मे अवगत कराया।



योगाभ्यास से शरीर को स्वस्थ रखने में मिलती है मदद: बत्रा

रोहतक। सुभाष नगर स्थित सुभाष पार्क में एसएनजन वेलफेयर एसोसिएशन, सुभाष नगर एवं एलपीएस बोसार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर के चौथे दिन आज उपस्थित लोगों ने योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। यह शिविर 14 से 18 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में योग गुरु सरदार हवा सिंह सैनी द्वारा लोगों को विभिन्न योगासन करवाए जा रहे हैं। एसएनजन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान जतिन बत्रा ने कहा कि योग स्वस्थ जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नियमित योगाभ्यास से शरीर को स्वस्थ रखने, मानसिक तनाव कम करने में सहायता मिलती है।

सांगवान स्कूल के अर्पित ने सीबीएसई राष्ट्रीय स्तर पर जीता रजत पदक

रोहतक। सांगवान स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र अर्पित ने सीबीएसई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया है। अर्पित ने रजत पदक जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल है। स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान ने अर्पित को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी बड़ी सफलता हासिल करने के लिए स्व-अनुशासित होना बेहद आवश्यक है। सांगवान स्कूल में बच्चों को शुरुआत से ही नैतिक शिक्षा और अनुशासन के संस्कार दिए जाते हैं। प्रधानाचार्य मनीषा सांगवान ने खेल विभाग के कोच विकास व उनकी पूरी टीम को सराहनीय प्रयास के लिए बधाई दी। वहीं स्कूल समन्वयक प्रॉमिला सांगवान, उपप्रधानाचार्य ऋतु विज



तथा सभी अध्यापकों ने अर्पित के उज्ज्वल भविष्य और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।



शिव संगम अकादमी ने एमडीसीए दिमाना को 8 विकेट से हराया

रोहतक। प्रथम विनोद कुमार मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के दूसरे सेमीफाइनल में शिव संगम क्रिकेट अकादमी ने एमडीसीए दिमाना को 8 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी एमडीसीए दिमाना की टीम 117 रन पर ही ऑलआउट हो गई। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिव संगम क्रिकेट अकादमी ने महज 2 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। शिव संगम की जीत के मुख्य हीरो ओजश रहे। उन्होंने 65 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 70 रनों की नाबाद आतिशी पारी खेली। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ओजश धुल्ल को 'मैन ऑफ द मैच' से सम्मानित किया गया।

पतंजलि मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण से दीक्षा लेकर लौटे रोहतक के 10 साधक

रोहतक। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में 13 से 17 अक्टूबर तक आयोजित मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में देशभर के सैकड़ों साधकों के साथ हरियाणा प्रांत से 75 योग शिक्षकों ने भाग लिया। इस शिविर में रोहतक जिले के 10 योग शिक्षकों ने सफलतापूर्वक दीक्षा ग्रहण की। हरिद्वार से प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटने वाले नए योग शिक्षकों में श्री गुलशन शर्मा, राजबीर हुडा, युगजीत वर्मा, ऋषि देव आर्य, पूरण चंद वर्मा, बलबीर सिंह शौकंद, राम चंद्र अहलावत, देवी सिंह आर्य, देवेंद्र सिंह और बिजेंद्र सिंह शामिल हैं। पतंजलि योग समिति रोहतक के जिला प्रभारी सुनील वर्मा ने सभी नव-दीक्षित योग शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नए कुशल शिक्षकों के आने से रोहतक शहर और आसपास के क्षेत्रों में योग समिति द्वारा अब और अधिक योग कक्षाएं संचालित की जा सकेंगी, जिससे जन-जन तक स्वस्थ जीवनशैली का संदेश पहुंचेगा।



सरपंच ग्राम पंचायत, घुसकानी
ब्लॉक, रोहतक
सूचना
सर्व साधाराण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घुसकानी खंड व जिला रोहतक द्वारा 04 नवम्बर 2026 को सुबह दस बजे ग्राम पंचायत की शामलात भूमि की मिट्टी उठाने हेतु पंचायत घुसकानी के पंचायत घर में होना तय की गई है। इसके लिए सिक्योरिटी राशि 11 लाख रुपये का डिमांड ड्राफ्ट व कैश ग्राम पंचायत घुसकानी के नाम से देय होगा। बोली की शर्तें मौके पर ही बताई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता मौके पर पहुंचकर बोली में भाग ले सकते हैं।
सरपंच
ग्राम पंचायत घुसकानी (रोहतक)
मो. 8053307066

SHRI GORAKH CYBER CAFE
Online Services | CSC | Print | Scan | Photocopy
CSC & जनसेवा केन्द्र
CSC ID: 464546120011
आवश्यकता है
COMPUTER OPERATOR
(MALE/FEMALE)
पद: Computer Operator (M/F)
योग्यता: Basic Computer Knowledge
समय: Full Time स्थान: Rohtak
संपर्क: 9812515432
Shri Gorakh Cyber Cafe Janta Colony, Rohtak

नाटक

सुपवा में नाटक 'अगर हैमलेट' के तीन दिवसीय शो का दूसरा दिन

शोक, शक्ति व प्रतिशोध की कहानी को विद्यार्थियों ने मंच पर किया जीवंत

आज दोपहर 2:30 बजे व शाम 6:00 बजे होंगे नाटक के दो शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीएसपवा) में शनिवार को नाटक 'अगर हैमलेट' के तीन दिवसीय मंचन का दूसरा दिन रहा। इस दौरान फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी के एक्टिंग डिपार्टमेंट के छात्रों ने प्रभावशाली ढंग से मंचन करते हुए दिखाया कि शोक, शक्ति, नियंत्रण और प्रतिशोध जीवन को किस तरह से प्रभावित करते हैं। 'अगर हैमलेट' का रविवार को होने वाले दो शो के साथ समापन होगा। विलियम शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक हैमलेट के समकालीन रूपांतरण 'अगर हैमलेट' में मुख्य पात्रों में एक्टिंग डिपार्टमेंट के तृतीय वर्ष के छात्र हंसा, प्रिंस, पुष्कर, धीरज, अमन, भारती, अरूण शामिल रहे। शारीरिक रंगमंच, प्रतीकात्मक गति, न्यूनतम मंचन और अभिनेताओं व पात्रों के बदलते संबंधों का उपयोग करते हुए छात्रों ने 'अगर हैमलेट' को एक जानी-पहचानी त्रासदी से मानवीय अनुभव की साझा खोज में बदल दिया। दर्शकों को थियेटर वाला अहसास कराने के लिए एफटीवी स्थित मिनी ऑडिटोरियम के मंच को भव्य सेट का रूप दिया गया है। रविवार को नाटक के दो शो दोपहर 2:30 बजे व शाम 6:00 बजे होंगे, जिनमें थियेटर, नाटक व कला प्रेमियों के लिए एंट्री निशुल्क रहेगी। इसके निर्देशक प्रसिद्ध श्रीलंकाई थिएटर प्रैक्टिशनर डॉ चमिका हथ्लहावट्टा रहे, जबकि प्रॉडक्शन डिजाइन की जिम्मेदारी एनएसडी से प्रशिक्षित प्रवीण ऐडामंगला ने संभाली। कॉस्ट्यूम डिजाइन छैल शर्मा ने किया। म्यूजिक डिजाइनर संतोष कुमार सिंह, कोरियोग्राफर ललित खटाना, लाइट डिजाइनर रमन कुमार, असिस्टेंट प्रॉडक्शन डिजाइनर शीतल कुमारी, मास्क डिजाइनर वीशु, प्रॉडक्शन मैनेजर सचिन कुमार रहे, जबकि मेकअप की जिम्मेदारी शमीम ने संभाली। नाटक 'अगर हैमलेट' के मंचन के दौरान आम जनता के लिए एंट्री निशुल्क रही। थियेटर, नाटक व कला प्रेमियों ने जीवंत प्रस्तुति के लिए सुपवा के छात्रों की सराहना की।

राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में छाए सैनी एजुकेशन सोसाइटी के तीन स्कूल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सैनी एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित तीनों विद्यालयों—सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सैनी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं सैनी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने जिम्नास्टिक, नेटबॉल, वुशु व टेबल टेनिस; सैनी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने जिम्नास्टिक, वॉलीबॉल, सॉफ्टबॉल, एथलेटिक्स व नेटबॉल; तथा सैनी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जिम्नास्टिक, सॉफ्टबॉल व बॉक्सिंग में अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था में खुशी का माहौल रहा। गवर्निंग बॉडी के प्रधान धर्म सिंह दहिया ने खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। इस अवसर पर कैशियर नफे सिंह, सचिव जगदीश कुमार व प्रदीप कुमार, तीनों स्कूलों के प्राचार्य, कोच वीरेंद्र सिंह सैनी, पूजा, सुजीता एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

डॉ. अरविंद शर्मा की एसआईआर पर कांग्रेस को दो टूक

चुनाव जीते तो आयोग निष्पक्ष हारे तो धांधली का शोर क्यों ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सहकारिता, निर्वाचन, कारागार, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला, उन्होंने कहा कि कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि जब कांग्रेस चुनाव जीतती है तो उसे यही चुनाव आयोग पूरी तरह निष्पक्ष नजर आता है, लेकिन हारते ही चुनाव आयोग पर धांधली के आरोप लगाने शुरू कर दिए जाते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर हर चुनाव में कांग्रेस की जीत पर लोकतंत्र मजबूत और हार पर लोकतंत्र खतरे में कैसे पड़ जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में विपक्ष सुनियोजित तरीके से अराजकता का माहौल पैदा करना चाहता है। कांग्रेस अपनी चुनावी हार की जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

शनिवार को अनाज मंडी में फसल खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एसआईआर के तहत मतदाता सूचियों की जांच और पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस जिस तरह सवाल उठा रही है, उससे उसकी राजनीतिक मंशा पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम एक से अधिक स्थानों पर मतदाता सूची में दर्ज हैं, उनकी जांच और नियमानुसार संशोधन करने में आखिर कांग्रेस को क्या आपत्ति है, प्रत्येक पात्र मतदाता का अधिकार सुरक्षित रहना चाहिए और मतदाता सूची भी त्रुटिरहित होनी चाहिए। कांग्रेस को इस प्रक्रिया पर कोई ठोस आपत्ति है तो उसे प्रमाणों के साथ सामने रखना चाहिए।



ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, चेयरमैन हरिश कौशिक, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, हरिओम भाली, डॉ अंकुश बिड्डू सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी, अधिकारी व किसान मौजूद रहे।

गढ़ी सांपला-किलोई में बूथों पर कब्जे की होती थी साजिश

डॉ. अरविंद शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि गढ़ी-सांपला-किलोई में कांग्रेस के शासनकाल के दौरान किस प्रकार बूथों पर कब्जे की राजनीति होती थी, यह क्षेत्र के लोग जानते हैं। उन्होंने कहा कि आज वही कांग्रेस चुनावी पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों की बात कर रही है। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं प्रदेशभर में फसल खरीद व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी किसान को अपनी फसल बेचने में परेशानी नहीं होनी चाहिए।

कृष्ण बेदी ने अर्पण बौद्धिक बाल संस्थान का किया दौरा, बच्चों को दी जा रही सुविधाएं जांची



रोहतक। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने रोहतक स्थित अर्पण बौद्धिक बाल संस्थान एवं श्रवण मानसिक विकलांग वयस्क केंद्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं, प्रशिक्षण व्यवस्थाओं तथा विशेष जरूरतों वाले बच्चों एवं वयस्कों को दी जा रही सेवाओं का निरीक्षण किया। उनके साथ विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी. अनुपमा तथा निदेशक मुकुल कुमार भी उपस्थित रहे। संस्थान पहुंचने पर अर्पण संस्थान की प्रभारी नीलम कटारिया, जिला कल्याण अधिकारी रेणु सिसोदिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा तथा कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. सुमन मदान ने मुख्य अतिथि एवं अधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष बच्चों ज्योति, रूमन, नूर और विन्नी ने गुलदस्ते भेंट कर तथा तिलक लगाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। दौरे के दौरान श्रीमती नीलम कटारिया ने अर्पण संस्थान तथा डिम्पल मेहतानी ने श्रवण संस्थान की विभिन्न गतिविधियों और व्यवस्थाओं से अतिथियों को अवगत करवाया। इस अवसर पर मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आमजन से अपील की कि वे इन संस्थानों में तैयार किए गए उत्पादों को खरीदकर विशेष बच्चों का उत्साहवर्धन करें। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें व्यावसायिक कौशल विकसित करने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने संस्थानों में हो रही प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और वहां कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पण की सराहना की।

मेरा शहर मेरी समस्या ग्राउंड रिपोर्ट

कई दिनों से नहीं मिल रही नियमित सप्लाई

प्रेम नगर में पानी की किल्लत से लोग परेशान, नलों में आ रहा दूषित पेयजल

लोग बोले- पीने के पानी के लिए भी करना पड़ रहा संघर्ष, स्वास्थ्य पर खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के प्रेम नगर में पानी की समस्या और दूषित पेयजल की आपूर्ति से लोग परेशान हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में नियमित रूप से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। वहीं, जब पानी की आपूर्ति होती है तो उसकी गुणवत्ता को लेकर भी चिंता बनी रहती है। लोगों के अनुसार, कई बार नलों से आने वाला पानी गंदा दिखाई देता है, जिसके कारण उसे पीने और खाना बनाने में इस्तेमाल करने से पहले सोचना पड़ता है। लोगों का कहना है कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा के लिए भी उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय निवासियों ने संबंधित विभाग से समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। स्थानीय निवासियों ने जनस्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारियों से प्रेम नगर में पेयजल आपूर्ति की जांच कराने, नियमित पानी उपलब्ध करवाने और दूषित पानी की समस्या दूर करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि स्वच्छ पेयजल हर परिवार की बुनियादी जरूरत है। ऐसे में विभाग को शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई कर समस्या का स्थायी समाधान करना चाहिए।

कार्य हो रहा प्रभावित



पानी की समस्या के कारण घरों में रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। सुबह के समय पानी की जरूरत सबसे अधिक होती है, लेकिन पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने पर परिवारों को परेशानी उठानी पड़ती है। पानी की कमी के चलते नहाने, कपड़े धोने और रसोई के कामों में भी दिक्कत आती है। विभाग को क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की नियमित निगरानी करनी चाहिए, ताकि लोगों को जरूरत के अनुसार पानी मिल सके। -जसबीर कुमार

गुणवत्ता को लेकर चिंता



पानी की गुणवत्ता को लेकर लोगों में चिंता बनी हुई है। जब नलों से गंदा पानी आता है तो उसे पीने के लिए इस्तेमाल करना मुश्किल हो जाता है। संबंधित विभाग पानी के नमूनों की जांच करवाए और यदि कहीं पाइपलाइन में लीकेज या गंदे पानी की मिलावट की समस्या है तो उसे जल्द ठीक कराया जाए। -हरिमोहन

वैकल्पिक व्यवस्था हो



स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। यदि क्षेत्र में पानी की आपूर्ति के दौरान गंदा पानी आ रहा है तो इसकी जांच कराकर कारण का पता लगाया जाना चाहिए। जरूरत पड़ने पर प्रभावित क्षेत्र में वैकल्पिक माध्यम से स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। -जोगिंद

मेरा शहर, मेरी समस्या कॉलम के जरिये आप भी रखें अपनी बात। अगर सेक्टर, गली-मोहल्ला, वार्ड, गांव और आसपास हैं समस्याओं से परेशान तो इस नंबर 9253681012 पर करें व्हाट्सएप। हम उठाएंगे आपका मुद्दा।

'इनसाइड आउट ' फिल्म की कराई स्क्रीनिंग

रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में शनिवार को मनोविज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं को भावनाओं और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'इनसाइड आउट ' फिल्म की स्क्रीनिंग आयोजित की गई। इस दौरान छात्राओं को खुशी, उदासी, डर, गुस्सा जैसी भावनाओं के महत्व और हमारे विचारों, व्यवहार व यादों पर उनके प्रभाव के बारे में बताया गया।

संत रविदास के विचारों पर आज होगी चर्चा

रोहतक। विश्व हिंदू परिषद की ओर से संत शिरोमणि गुरु रविदास के 650वें प्रकटोत्सव और अशोक सिंघल के शताब्दी वर्ष के अवसर पर 18 अक्टूबर को सामाजिक समरसता गोष्ठी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम जेपी इंटरनेशनल स्कूल में दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगा। गोष्ठी में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सह-संगठन मंत्री विनायक राव देशपांडे मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। वे सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और संत गुरु रविदास के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर विचार रखेंगे।

शहर के विकास के लिए 1.24 करोड़ की ग्रांट मंजूर, पार्क-सड़कों और लाइब्रेरी पर होगा खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के लिए करीब 1.24 करोड़ रुपये की ग्रांट स्वीकृत हुई है। इनमें विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना (वेंगी) के तहत 74.59 लाख रुपये तथा डी-प्लान के अंतर्गत लगभग 50 लाख रुपये के विकास कार्य शामिल हैं। इनसे शहर की गलियों, सड़कों, पार्कों और सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार होगा।

ग्रांट मंजूर करवाना पहला कदम

विकास कार्यों के लिए ग्रांट मंजूर करवाना पहला कदम है। असली सफलता तब होगी, जब इनका लाभ जनता तक पहुंचेगा। रोहतक का विकास उनकी प्राथमिकता है। सरकार सहयोग करे या अड़चनें पैदा करे, शहर के विकास की लड़ाई जारी रहेगी। जनता के पैसे का सदुपयोग और विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। अधिकारियों को समय पर विकास कार्य करवाने होंगे।



-भारत भूषण बत्रा, विधायक

वेंगी योजना के तहत 74.59 लाख से होंगे ये विकास कार्य

1. **वार्ड 16, महावीर पार्क** : 19.23 लाख रुपये : शिवाजी कॉलोनी स्थित महावीर पार्क में शौचालय का नवनिर्माण किया जाएगा ।
2. **मॉडल टाउन, डबल पार्क**: 10 लाख रुपये : लाइब्रेरी हॉल में सुविधाओं का विस्तार एसी , स्टडी टेबल-कुर्सियां, अलमारियां, पार्क में नए गेट, पुराने गेट की मरम्मत, झूले बदलवाने तथा शेड की व्यवस्था की जाएगी।
3. **वार्ड 9, रामकुटीर-विकास नगर: 23.82 लाख रुपये** : गली नंबर 3 में लगभग 452 फीट लंबी व 28 फीट चौड़ी सीसी गली का निर्माण किया जाएगा।
4. **वार्ड 9, सोनीपत रोड** : 2.16 लाख रुपये : पूर्व विधायक हरस्वरूप बूरा के मकान से देवेंद्र हुड्डा के मकान तक सीसी गली बनाई जाएगी।
5. **वार्ड 14, सुभाष नगर :21.75 लाख रुपये** : तीन गलियों का निर्माण होगा। इनमें कमल ढुरेजा से पंकज शर्मा के मकान तक 80 फीट, काला आढ़तिया से आशा राणा के मकान तक 150 फीट तथा साहिल वशिष्ठ से संदीप राणा के मकान तक 150 फीट लंबी गलियां शामिल हैं।

डी-प्लान के तहत 50 लाख रुपये से होंगे चार विकास कार्य

1. वार्ड 16:12 लाख रुपये : डीएलएफ कॉलोनी में शंकर हलवाई के मकान से अनुज के मकान तक सीसी सड़क का निर्माण होगा।
2. वार्ड 19 :21 लाख रुपये :जनता कॉलोनी में राजेंद्र प्रसाद के मकान से तिरुभुवन के मकान तक सीसी सड़क निर्माण और सड़क का स्तर ऊंचा किया जाएगा।
3. वार्ड 21 :7 लाख रुपये :एकता कॉलोनी में सोनू किराना स्टोर से फूल चंद किराना स्टोर तक, सुभाष रोडवेज वाले के मकान से ब्राह्मण समाज धर्मशाला वाली गली तक तथा संत राम के मकान से जीडीएस स्कूल के पास ग्रीन पार्क तक सीसी गलियों का निर्माण होगा।
4. वार्ड 5 :10 लाख रुपये : संत कबीर पार्क में लाइब्रेरी से संबंधित सिविल विकास कार्य करवाए जाएंगे।



महम-भराण सड़क टूटी, महम चीनी मिल में कैसे पहुंचेगा गन्ना

महम। महम शहर के बरसाती पानी निकासी के लिए भराण रोड पर महम ड्रेन तक स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन बिछाई गई थी। फरवरी और मार्च महीने में यह पाइप लाइन बिछाई गई थी। महम के नया बस स्टैंड से भराण गांव तक यह सड़क टूटी पड़ी है। सड़क की खस्ता हालत को लेकर ग्रामीणों और किसानों की ओर से बार-बार शिकायतें देने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। किसानों का कहना है कि नवंबर में शुगर मिल शुरू होने वाली है, लेकिन सड़क की मौजूदा स्थिति में गन्ने से भरे वाहनों को मिल तक पहुंचाना मुश्किल हो जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता आर्य मोहित गिल ने बताया कि महम ड्रेन से महम बस स्टैंड तक जाने वाला यह मार्ग किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसी सड़क से किसान गन्ना शुगर मिल तक लेकर जाते हैं। इसके अलावा ग्रामीणों को शहर, स्कूलों और आपातकालीन सेवाओं तक पहुंचने के लिए भी इसी मार्ग का इस्तेमाल करना पड़ता है। सड़क टूटने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और किसानों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आर्य मोहित गिल के अनुसार, ग्रामीणों ने समस्या के समाधान के लिए समय रहते ही प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करना शुरू कर दिया था। 29 जून को मुख्यमंत्री हरियाणा, मुख्यमंत्री कार्यालय मुख्यमंत्री के सचिव, कमिश्नर, उपायुक्त रोहतक, महम एसडीएम, राज्यपाल हरियाणा और अन्य संबंधित विभागों को ईमेल के माध्यम से शिकायतें भेजी गईं। इसके अतिरिक्त 15 जून को महम एसडीएम कार्यालय में डायरी नंबर 218 के तहत शिकायत दी गई। इसके बाद 17 सितंबर को रोहतक डीसी के समाधान शिविर, 28 सितंबर को महम एसडीएम कार्यालय और 5 अक्टूबर को रोहतक डीसी के समक्ष भी मामला उठाया गया।

न्यूज डायरी

मंत्री ने मिट्टी के बर्तन खरीद दिया स्वदेशी का संदेश



रोहतक। सुनारियां चौक पर 'लोकल फॉर वोकल' अभियान के तहत सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने स्थानीय दुकानदार कपूर सिंह की दुकान से मिट्टी के बर्तन खरीदकर छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। मंत्री की इस पहल से दुकानदार कपूर सिंह भावुक हो गए। कार्यक्रम का संयोजन 'लोकल फॉर वोकल' अभियान के जिला संयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन दुल ने किया। स्थानीय दुकानदार की दुकान से खरीदारी कर डॉ. अरविंद शर्मा ने संदेश दिया कि छोटे व्यापारियों और पारंपरिक कारीगरों को प्रोत्साहित करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी महत्वपूर्ण है। नवीन दुल,रमेश भाटिया, अमित बंसल, संदीप जांगड़ा, प्रवीण कौशिक, हरिओम भाली, सरोज हुड्डा, सुनीता सैन, जितेंद्र अत्री, मोनू मलिक, दीपक खन्ना, अरुण कौशिक, अमित महला सहित अन्य कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

कल रोजगार मेला, मिलेगा नौकरी का अवसर: डीसी



रोहतक। उपायुक्त सतबीर सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा 19 अक्टूबर 2026 को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला प्रातः 9:30 बजे लघु सचिवालय भवन, रोहतक के हॉल नंबर 301 में आयोजित होगा। रोजगार मेले में 2 से 3 नियोजक संस्थानों के भाग लेने की संभावना है, जो योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। सतबीर सिंह ने बताया कि इस रोजगार मेले में रोहतक सहित आसपास के जिलों के कॉलेजों, पॉलिटेक्निक संस्थानों तथा आईटीआई से डिप्लोमा प्राप्त, स्नातक, स्नातकोत्तर, 12वीं पास एवं अन्य योग्यताधारी नौकरी के इच्छुक युवा भाग ले सकते हैं। रोजगार मेले में डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर सहित विभिन्न शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर रिक्त पदों के लिए अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा। उपायुक्त सतबीर सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस रोजगार मेले का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार पाने के लिए इसमें भाग लें।

आयु सीमा पूर्ण कर चुके वाहनों पर होगी कार्रवाई

रोहतक। जिला परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह दुल ने कहा कि जिला में आयु सीमा पूर्ण कर चुके डीजल व पेट्रोल के वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



माननीय सर्वोच्च न्यायालय व वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा पेट्रोल वाहनों के लिए 15 वर्ष तथा डीजल वाहनों के लिए 10 वर्ष आयु सीमा निर्धारित की गई है। वीरेंद्र सिंह दुल ने कहा कि ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए पुलिस एवं परिवहन प्राधिकरण की विशेष टीमें गठित की गई हैं। जिला में आयु सीमा पूर्ण कर चुके विभिन्न श्रेणियों के 7667 वाहन चिन्हित किए गए हैं। चिन्हित किए गए वाहनों में से वाणिज्य वाहन मालिकों को एक माह पूर्व नोटिस देकर अपना वाहन खुद एनडीसी या स्क्रैप द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर भेजने का समय दिया गया था, जो अब समाप्त हो चुका है। पेट्रोल के ऐसे 1256 वाहन चिन्हित किए गए हैं, जबकि डीजल के 6411 वाहन चिन्हित किए गए हैं। वीरेंद्र सिंह दुल ने कहा कि वाहन मालिकों को दी गई समय सीमा समाप्त हो चुकी है। ऐसे वाहन सड़क पर अथवा घर पर भी मिलने पर वाहन को सीधा स्क्रैप सुविधा केन्द्र भेज दिया जाएगा तथा स्क्रैप की राशि जिला खजाना कार्यालय में जमा करवा दी जाएगी।

नेकीराम कॉलेज में बनेगी अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब

रोहतक। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय कॉलेज, रोहतक में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए लंबे समय से चली आ रही कंप्यूटर संसाधनों की कमी जल्द ही दूर होने जा रही है। उच्च शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) की मदद से कॉलेज परिसर में एक अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस व्यवस्था से विशेष रूप से बीबीए और अन्य संकायों के छात्रों को प्रैक्टिकल वर्क के लिए काफी सहूलियत और बेहतरीन माहौल मिलेगा।

रूसा और विभाग से स्वीकृत हुई वित्तीय ग्रांट

उच्च शिक्षा विभाग से 17 लाख की सहायता: उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 17 लाख रुपये की ग्रांट मंजूर कर जारी भी कर दी गई है, जिसका उपयोग लैब निर्माण व आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था में किया जाएगा। रूसा की 50 लाख की ग्रांट: राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत 50 लाख रुपये के बजट को प्रशासनिक मंजूरी मिली है।

सिस्टम व इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च होंगे 50 लाख

रूसा से मिले 50 लाख रुपये के बजट को लैब की तकनीकी और भौतिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए दो हिस्सों में विभाजित किया गया है: कंप्यूटर हार्डवेयर व नेटवर्किंग (41.50 लाख रुपये): इस बजट से इंटेल आई5 प्रोसेसर, 8 जीबी रैम और विंडोज 11 से लैस हाई-स्पीड डेस्कटॉप कंप्यूटर खरीदे जाएंगे। इसके साथ ही पूरी व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एक मुख्य सर्वर भी स्थापित किया जाएगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधार (8.50 लाख रुपये): लैब के अंदर विद्यार्थियों के बैठने के लिए आरामदायक गद्देदार कुर्सियां और मजबूत कंप्यूटर टेबल लगाई जाएंगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

15 दिन में अनुपालना रिपोर्ट अनिवार्य, निजी मोबाइल-लैपटॉप से निगरानी पर प्रतिबंध

बाल देखभाल संस्थानों में सीसीटीवी निगरानी पर आयोग सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षा तृप्ति श्योराण ने प्रदेश के सभी बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे बच्चों की निजता, गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों के उपयोग एवं निगरानी व्यवस्था को लेकर वैधानिक परामर्श जारी किया है। यह परामर्श बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 की धारा 13 (1) (क) के अंतर्गत जारी किया गया है। आयोग ने महिला एवं बाल विकास विभाग, सभी उपायुक्तों तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 15 दिन के भीतर अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अध्यक्षा तृप्ति श्योराण ने बताया कि आयोग ने अपने निरीक्षणों के दौरान पाया कि कई बाल देखभाल संस्थानों में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था को निजी मोबाइल फोन और लैपटॉप से जोड़ा गया है।



संस्थान के प्रभारी का रहेगा नियंत्रण

वैधानिक परामर्श के अनुसार, बाल देखभाल संस्थानों में सीसीटीवी व्यवस्था, उसकी रिकॉर्डिंग और पासवर्ड पर केवल संस्थान के प्रभारी का नियंत्रण रहेगा। निगरानी व्यवस्था तक पहुंच केवल अधिकृत कर्मचारियों को ही दी जाएगी। साझा पासवर्ड के माध्यम से सीसीटीवी प्रणाली का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही, सीसीटीवी कैमरों को निजी मोबाइल फोन या लैपटॉप से जोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा दूरस्थ पहुंच की सुविधा सामान्य रूप से बंद रखनी होगी।

फुटेज डाउनलोड करने व प्रसारित करने पर प्रतिबंध

आयोग ने निर्देश दिए हैं कि कोई भी व्यक्ति सीसीटीवी मॉनिटर की तस्वीर, स्क्रीन रिकॉर्डिंग या कैमरों की रिकॉर्ड की गई सामग्री को बिना अधिकृत अनुमति के डाउनलोड, कॉपी अथवा प्रसारित नहीं करेगा। ऐसी सामग्री को व्हाट्सएप, सोशल मीडिया, ईमेल या किसी अन्य माध्यम से साझा करना प्रतिबंधित होगा। सीसीटीवी की डिजिटल रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने के लिए डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर और नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर को सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। पासवर्ड समय-समय पर बदले जाएं तथा व्यवस्था तक पहुंच के अभिलेखों की नियमित जांच की जाए। किसी घटना से संबंधित रिकॉर्डिंग को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक सुरक्षित रखा जाए।

प्रत्येक संस्थान को रखना होगा विस्तृत अभिलेख

आयोग के निर्देशानुसार, प्रत्येक बाल देखभाल संस्थान को सीसीटीवी व्यवस्था के अधिकृत उपयोगकर्ताओं का विवरण तथा रिकॉर्डिंग प्राप्त करने और निकालने का रजिस्टर रखना होगा। इसमें फुटेज निकालने की तिथि, उद्देश्य और उसे प्राप्त करने वाले व्यक्ति का विवरण दर्ज करना अनिवार्य होगा। सीसीटीवी व्यवस्था तक किसी भी अनधिकृत पहुंच या सुरक्षा संबंधी उल्लंघन की सूचना तत्काल सक्षम प्राधिकारी को देनी होगी।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की होगी जांच

इसके अतिरिक्त, पासवर्ड की सुरक्षा, दूरस्थ पहुंच की व्यवस्था, रिकॉर्डिंग का सुरक्षित भंडारण एवं संरक्षण तथा बालिकाओं के लिए संचालित संस्थानों में विशेष सुरक्षा प्रावधानों के अनुपालन की भी जांच की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को तत्काल दूर करवाया जाएगा और नियमों के अनुसार गैर-अनुपालन के लिए जिम्मेदारी तय की जाएगी। निर्देशों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के विरुद्ध उचित प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि सीसीटीवी कैमरे लगाना मात्र पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी रिकॉर्डिंग के उपयोग, भंडारण और साझा किए जाने को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी सुरक्षा उपाय लागू करना भी अनिवार्य है।